## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 19.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. भाजपा के गोड्डा सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे और जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो संसद रत्न पुरस्कार के लिए चयनित, संसद मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है यह सम्मान ।
2. रांची मे रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर से गुजरेंगी एंबुलेंस, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर एनएचएआई ने दी अनुमति।
3. गुमला में मत्स्य योजनाओं का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने किया निरीक्षण, अधिकारियों ने गुमला मॉडल को बताया अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक।
4. मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट किया जारी, आंधी–तूफान के साथ वज्रपात और बारिश की संभावना।
5. आईपीएल टी 20 क्रिकेट में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से।

*******************

झारखंड से भाजपा के गोड्डा सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे और जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो समेत 17 सांसदों और दो संसदीय स्थायी समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार सांसदों की संसद में सक्रियता, प्रश्न पूछने, बहस में भागीदारी और विधायी कार्यों के प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है। विद्युत वरण महतो लगातार तीसरी बार इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं। श्री महतो लोकसभा में सबसे अधिक सवाल पूछने वाले शीर्ष 9 सांसदों में शामिल रहे और उनकी उपस्थिति भी शत–प्रतिशत रही। सम्मान मिलने पर उन्होंने इसे जनता की जीत बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर अब एंबुलेंस को रातू रोड के एलिवेटेड कॉरिडोर से गुजरने की अनुमति मिल गई है। इससे एंबुलेंस जाम से बचेंगी और मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण – एनएचएआई ने मंत्री के निर्देश पर इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके साथ ही पलामू, गढ़वा, चतरा समेत अन्य जिलों से आने वाली एंबुलेंस को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

*******************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्सव के बीच, पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर–चक्र विजेता मेजर रामास्वामी परमेश्वरन का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने श्रीलंका में ऑपरेशन पवन में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

*******************

रामगढ़ जिले के बिरहोर समूह के लोगों को प्रधानमंत्री जनजातीय आवासीय न्याय महाअभियान योजना तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने के लिए सर्वे किया जा रहा है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को देवघर के जसीडीह–मधुपुर रेलखंड स्थित अमृत भारत स्टेशन शंकरपुर का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने बताया कि शंकरपुर स्टेशन को 15 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। यह स्टेशन एम्स देवघर की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है।

*******************

गुमला के बसिया प्रखंड के नरेकेला में कल एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना और मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का निरीक्षण किया। टीम ने ग्रो–आउट तालाब और संबंधित मत्स्य पालन गतिविधियों का अवलोकन कर मत्स्य पालकों से योजनाओं का लाभ और इसकी चुनौतियों की जानकारी ली। मौके पर अधिकारियों ने गुमला मॉडल की सराहना करते हुए इसे अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक बताया। प्रतिनिधिमंडल में एएफडी, वर्ल्ड बैंक, राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड और राज्य सरकार के अधिकारी शामिल थे।

*******************

कोडरमा के झुमरी तिलैया में 25 और 26 मई को स्वदेशी जागरण मंच का प्रांत प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेशी कंपनियों के बहिष्कार की रणनीति तय की जाएगी। मंच के प्रचारक सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय कुमार ने कहा कि अब समय आ गया है जब विदेशी कंपनियों की जगह स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए।

*******************

देश में आज सुबह मिले–जुले वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाज़ार लगभग स्थिरता के साथ खुले। हालांकि, सवेरे करीब 10 बजे सेंसेक्स 88 अंकों से अधिक की गिरावट के साथ 82 हज़ार 241 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी 25 हज़ार पांच पर खुला और थोड़ी देर पहले 16 दशमलव 8 अंकों की गिरावट के साथ लगभग 25 हज़ार तीन के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 86 हजार 7 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में आंधी और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला–खरसावां को छोड़कर अन्य जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और बारिश की संभावना है। वहीं, दक्षिणी जिलों में भी तेज हवा, गरज और वज्रपात की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

बोकारो में मौसम के उतार–चढ़ाव का असर मजदूरों की सेहत पर पड़ रहा है और अस्पतालों में बुखार और लू से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी है। कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय के डॉ रणधीर कुमार सिंह ने खाली पेट बाहर नहीं निकलने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है।

*******************

आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबला शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा।

*******************